फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा निवासी देवगढ़ मदारिया तहसील देवगढ़ जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ **– प्रत्यर्थी**

केस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 62/2025**

मांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 23.09..2025	

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ से जरिये पत्र क्रमांक :– सू.का अधि. 05/2025/1469 दिनांक 17.09.2025 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा सूचना प्राप्त करने हेतु धारा 6(1) के अंतर्गत प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रत्यर्थी द्वारा प्रार्थी को नियमानुसार वांछित प्रतिलिपि डाक द्वारा भिजवा दी गयी है। अपीलार्थी को वांछित सूचना सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रावधानो के अंतर्गत अपीलार्थी को जरिये रजिस्टर्ड पत्रांक 1468 दिनांक 17.09.2025 के द्वारा भिजवा दी गयी है।

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ कि रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना के संबंध में लोक सूचना अधिकारी द्वारा जरिये रजिस्टर्ड डाक पत्रांक 1468 दिनांक 17.09.2025 के द्वारा अपीलार्थी को अवगत करा दिये जाने से उक्त अपील को खारिज किया जाता है।

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी कुंभलगढ़ को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद